# मैहर में अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में बंजर कर दी किसानों की उपजाऊ जमीन

**अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री मैहर से होने वाले प्रदूषण से आसपास की भूमि तो बंजर हो रही है,साथ में लोगों की सेहत पर भी भारी असर पड़ रहा है।**

सतना।



यहां पर फैक्ट्री में पत्थर तोड़ने में उपयोग होने वाली विस्फोटक सामग्री से लेकर चिमनी से निकलने वाला धुआं,धूल तक प्रदूषण उगलता है।रोचक बात यह है कि शहर में वाहनों से फैल रहे प्रदूषण को रोकने के लिए शासन कठोर कदम तो उठा रहा है,लेकिन सीमेंट फैक्ट्री के आसपास उड़ती धूल से होने वाली बीमारियों और वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने को लेकर कोई सजग नहीं है। फैक्ट्री से हर दिन कितना प्रदूषण हो रहा है और इसे रोकने के लिए कौन-कौन से इंतजाम किए गए हैं। इसका कोई भी रिकॉर्ड नहीं है। पिछली बार निरीक्षण के दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फैक्ट्री प्रबंधन को डिस्प्ले बोर्ड लगाने के आदेश दिए थे,लेकिन अब तक नहीं लगे हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने मप्र शासन से सीमेंट फैक्ट्री के प्रदूषण की जांच कराने मांग की जा रही है।1980 से स्थापित मैहर सीमेंट का पहला कारखाना अब अल्ट्राटेक हो गया है मैहर में पहले एक प्लांट संचालित हुआ करता था जो अब बढ़कर 5 यूनिट का रूप ले लिया है कहने का मतलब है कि एक ही कैम्पस में 5 प्लांट तो मैहर में 5 गुना प्रदूषण भी बढ़ गया होगा,जब प्रदूषण बढ़ा होगा तो स्वाभाविक है कि आसपास के ग्रामीण लोग टीवी,श्वास,दमा,कैंसर जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे होंगे हैं। मैहर के चौपड़ा पंचायत के आदिवासी श्वांस की समस्या से ग्रसित हो गया है। उसका कहना है कि वह खेत में काम करता है,फसलों पर जमा धूल से उसे एलर्जी हो गई है। अब हर दिन शाम को उसकी श्वास तेजी से चलती है। मैहर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के आसपास धूल धुएं का गुब्बार भरा रहता है इस उड़ते धूल के कण व धुएं से आसपास के लोगों में सिनकोसाइनोसिस नामक बीमारी हो रही है इस बीमारी में लोगों के फेफड़ों में धूल के कण जामां हो जाते हैं और सांस लेने में तकलीफ होती है।

## खबर संक्षेप

### हाईवे पर दो बाईकों में सीधी टक्कर, युवक की मौत

**सतना।** मामा की ससुराल जाते समय हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से भांजे की मौत हो गई। घटना में बाइक सवार दो बच्चे मामूली रूप से घायल हुए। चित्रकूट नयागांव थाना अंतर्गत चौबेपुर निवासी अमन साहू (20) रविवार को ममेरे भाई के साथ मामा की ससुराल शिवरामपुर उनके साले के लड़के को छोड़ने जा रहा था। झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के कस्बे के ढाबा के पास अचानक सामने से आई दूसरी बाइक से भिड़ंत होने से अमन की मौत हो गई। पालदेव गांव निवासी मामा कल्लू ने बताया कि साले ओम प्रकाश साहू के पुत्र को छोड़ने भांजा अमन जा रहा था। तभी ये हादसा हो गया। वह दो बहनो में इकलौता भाई था। मां सुंता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने था।

### इधर पेटदर्द से पीड़ित वृद्ध की मौत

**सतना।** मुख्यालय के सोनेपुर निवासी रामदयाल (84) को उल्टी व पेटदर्द होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शाम करीब पांच बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में शोक छा गया।

### मैहर कलेक्टर द्वारा किया गया संकुटा तालाब प्रांगण में पौध रोपण



**सतना।** एक पेड़ मां के नाम में अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने संकुटा तालाब प्रांगण में पौधारोपण किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती बाटड ने तालाब परिसर को पौधारोपण और बीजारोपण कर देखभाल करने की अपील की। इस मौके पर एसडीएम मैहर विकास सिंह,सीएमओ लालजी ताम्रकार,एई राहुल पटेल,आकाश अग्रवाल,नगर पालिका कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया पौध रोपण



**सतना।** मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने मैहर न्यायलय परिसर में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि पौधा लगाने के साथ-साथ पौधे को गर्मियों के दिनों में पानी मिले इसकी व्यवस्था भी की जाए। इस मौके पर न्याय डंडाधिकारी भानु पड़वार,सीएमओ लालजी ताम्रकार तथा अधिवक्ता संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में 10 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। सभी विभागीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### जिले में अब तक 144.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 9 जुलाई 2024 तक 144.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 309.8 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 105.8 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 112.3 मि.मी, बिरसिंहपुर में 133 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 71 मि.मी., नागौद में 161.8 मि.मी., जसो (नागौद) में 45.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 220 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## कार्यालयों का निरीक्षण कर सुबह 10 बजे से खुलना सुनिश्चित करें-कमिश्नर

### कलेक्टर हर शुक्रवार फोन पर जन समस्याओं की करेंगे सुनवाई

**सतना।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी कार्यालयों का सुबह 10 बजे खुलना सुनिश्चित करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण कर इसे कारगर बनाएं। अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति तथा कार्यालयों में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी इसकी मॉनीटरिंग करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और जनकल्याण है। आमजनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिए प्रभावी व्यवस्था करें।जन सुनवाई के साथ -साथ कलेक्टर प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक मोबाइल फोन पर भी आमजनता की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि सुशासन को ग्राम पंचायत तक सुदृढ़ करें। शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तो सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण अपने आप घटेंगे। विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित होने पर ही सीएम हेल्पलाइन में आमजन शिकायत दर्ज करते हैं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी अधिकारी प्रतिदिन प्रयास करें। इसमें यदि कोई प्रकरण बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से आगे बढ़ा तो संबंधित पर कार्यवाही करें। सभी कलेक्टर सीएम हेल्प लाइन के लंबित प्रकरणों में से 50 प्रतिशत का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को हर माह लक्ष्य निर्धारित करें। इसकी पूर्ति के अनुसार अधिकारियों का मूल्यांकन करें। हाल ही में तीन नए कानून एक जुलाई से लागू किए गए हैं। जिले में आयोजित प्रत्येक महत्वपूर्ण आयोजन में नए कानूनों की जानकारी दें। पुलिस,राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर इन कानूनों की जानकारी दें।बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान की समीक्षा की कहा कि शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें।कमिश्नर ने अधिकारियों को अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए समुचित उपाय के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका हो वहाँ आवश्यक उपकरणों,नाव तथा बचाव दल की व्यवस्था कर लें। कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिलकर आवश्यक होने पर रोगी को तत्काल एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में बीज और यूरिया खाद उपलब्ध है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एसएसपी और एनपीके के उपयोग के लिए प्रेरित करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी हैण्डपंपों और अन्य पेयजल स्रोतों का स्थानीय निकायों के सहयोग से शुद्धिकरण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। सभी शिक्षण संस्थाओं तथा कार्यालयों के परिसर में अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं।

## जनसुनवाईः श्रवण बाधित को मिली कान की मशीन







सतना।

कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 68 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।इस दौरान अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने जन सुनवाई में रघुराजनगर तहसील अंतर्गत मौहारी गांव के श्रवण बाधित भगवानदीन त्रिपाठी को तत्काल कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। कान की मशीन मिल जाने से भगवानदीन त्रिपाठी ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले में 40 आवेदनों पर हुई सुनवाई

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने तहसील स्तर पर की जा रही जनसुनवाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानीटरिंग भी की गई। जनसुनवाई के दौरान मैहर जिले में 40 आवेदनों पर सुनवाई की गई। मैहर जिले के नरौरा नईबस्ती निवासी भगवानदीन कोरी ने बताया कि अमिलिया कला में जमीन है। जिसका आराजी नम्बर 809 है। लेकिन पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत तिन्दुहता निवासी इन्द्रकली सिंगरौल ने बताया कि आराजी क्रमांक 597 रकवा 0.157 है। जिसका सीमांकन 2020-21 में कराए जाने के बावजूद आवेदक की आराजी में अवैध कब्जा किया गया है जिसे कब्जा से मुक्त कराने की अपील की गई। ग्राम पंचायत पकरिया निवासी संतोष कुमार बुनकर पिता नत्थू प्रसाद 45 वर्ष के द्वारा बताया गया कि पत्नी यशोदा बाई बुनकर की मृत्यु के पश्चात संबल कार्ड योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रूप्ये की राशि कार्ड में दिखाई दे रही है लेकिन राशि अभी तक नहीं मिली।

### अमरपाटन में 7 तथा रामनगर में 12 आवेदन पर हुई जनसुनवाई

मैहर कलेक्टर रानी वाटड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड कार्यालय एवं सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में अमरपाटन के विकासखंड कार्यालय में एस डी एम आरती यादव एवं तहसीलदार रामदेव साकेत द्वारा आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान एसडीएम आरती यादव ने 5 आवेदकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए 2 आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार रामनगर के एसडीएम कार्यालय में भी एसडीएम डॉ. आरती सिंह ने विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में आये प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। ग्राम स्तर की जनसुनवाई में सरपंच, सचिव,रोजगार सहायक, पटवारी एवं मैदानी अमले ने ग्राम वासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में 216 आवेदनों में सुनवाई की गई।

## शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में मैहर की छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



मैहर।

भारतीय तिब्बत सहयोग मंच महाकौशल प्रांत मध्य क्षेत्र जिला ईकाई कटनी द्वारा आयोजित सुगम शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर मैहर का नाम रोशन किया। संगीत महाविद्यालय मैंहर की कत्थक व्याख्याता श्रीमती सपना नामदेव दुबे के कुशल मार्गदर्शन में कुमारी सौम्या रजक व हर्शिता प्रजापति ने शिव वंदना,व शिव तांडव की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह,मुख्य अतिथि की खूब तालियां वाहवाही बटोरी। पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार संयोजक मध्य क्षेत्र मालवा महाकौशल छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य,दयाशंकर कनकने मंत्री महाकौशल प्रांत,राम दयाल गुप्ता जिला अध्यक्ष कटनी,सुभाष चौरसिया संयोजक प्रबुद्ध वर्ग तथा मुकेश चन्देरिया कार्यक्रम प्रभारी की गरिमामय उपस्थिति में सुगम शास्त्रीय संगीत का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कटनी,मैहर,शहडोल सहित आसपास के कलाकारों ने अपनी अनुपम प्रस्तुति देकर यादगार बना दिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि गिरिराज किशोर पोद्दार ने भाग लेने वाले सभी कलाकारों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर ख़ूब नाम कमाने का शुभाशीष आशीर्वाद दिया। भाग लेने वाले सभी कलाकारों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में कत्थक नृत्य गुरु सपना नामदेव दुबे के पदस्थ होने के बाद से उनके कुशल मार्गदर्शन में संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने खजुराहो डांस फेस्टिवल, नरसिंहगढ़ भोपाल, बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह में,राज्यस्तरीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता ग्वालियर में प्रथम स्थान लाकर न केवल मैहर जिला को बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।





## केन्द्रीय जेल में 1675 बंदियों को बीसीजी वैक्सीन लगाई

सतना।

जिला क्षय स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत गत दिवस केन्द्रीय जेल में टीकाकरण का शिविर का आयोजन किया गया। व्यस्क बीसीजी टीकाकरण के द्वितीय शिविर में केन्द्रीय जेल सतना में परिरूद्ध बंदियों में से पात्र बंदियों को बीसीजी वैक्सीन लगाई गई। टीबी हारेगा,देश जीतेगा इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रत्येक व्यक्ति को टीबी से मुक्त होना आवश्यक है। इसी क्रम में बंदियों को टीबी बीमारी से मुक्त रखने व स्वस्थ रखने के लिये शिविर आयोजित किया गया है। कल्याण अधिकारी केन्द्रीय जेल अनिरूद्ध कुमार तिवारी ने बताया कि केन्द्रीय जेल में पहले सत्र में 1337 बंदियों तथा द्वितीय सत्र 338 बंदियों सहित कुल 1675 बंदियों को एडल्ट बीसीजी का टीका लगाया गया। अब जेल में सभी पात्र बंदियों को एडल्ट बीसीजी का टीका लग चुका है।

## गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर संबंधी शिकायतों के आवेदन आज तक

**सतना।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सतना द्वारा जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायतें की गई हो,और उनका निराकरण लंम्बित होने पर ऐसे उपभोक्ता 10 जुलाई को दोपहर समय 12 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु अध्यक्ष विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सतना एवं कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.प्रेमनगर सतना में अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। आवेदनों की सुनवाई की जाकर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

## कोठी में तोड़े गए दो मकान

### अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्यवाही

**सतना।** एसडीएम मझगवां राहुल सिलाडिय़ा एवं सीएमओ नगर परिषद कोठी पूजा द्विवेदी द्वारा मंगलवार को पुलिस बल के साथ कस्बे के बस स्टैण्ड एवं मर्चुरी के पास अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी। नगर परिषद की अतिक्रमण हटाने वाली टीम ने एसडीएम एवं सीएमओ के मार्गदर्शन पर इन दोनों स्थानों पर बने दो अवैध मकानों को गिरवा दिया। हासिल जानकारी के मुताबिक बस स्टैण्ड एवं मर्चुरी के पास अतिक्रमण करके अवैध रूप से बनायी गयी झोपड़ी झुग्गी को हटाने के लिये नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं को इसके पूर्व मौखिक तौर पर तथा नोटिस देकर चेतावनी दी गयी थी। किन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा नाजायज कब्जे नहीं हटाये जाने के कारण नगर परिषद प्रशासन द्वारा एसडीएम के निर्देश पर उक्त कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में परिषद के कर्मचारियों के अलावा कोठी थाना का पुलिस बल भी शामिल रहा। सीएमओ पूजा द्विवेदी ने कस्बे के सभी निवासियों से अनुरोध किया है कि वैधानिक तौर पर निजी आराजी पर ही निर्माण कार्य करायें। शासकीय भूमि पर कब्जा करके अवैध निर्माण कार्य कराने पर नियमानुसार उसे हटाने की कार्यवाही का क्रम जारी रहेगा।

**खबर संक्षेप**

## अभिषेक दुबे ने वृक्ष का पौधा लगाकर मनाया जन्मदिन



**पन्ना।** उत्तर वन मंडल के पन्ना वन परक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर बिश्रामगंज एसडीओ तथा देवेंद्र नगर रेंजर शुभम तिवारी विश्रामगंज रेंजर नितिन राजोरिया एवं उत्तर वन मंडल के वन कर्मचारी मौजूद रहे। जिन्होंने पन्ना रेंजर अभिषेक दुबे के जन्मदिन के उपलक्ष में वृक्षों का रोपण किया। इसके उपरांत केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई। रेंजर अभिषेक दुबे ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो वृक्ष जरुर लगाने चाहिए जो की पर्यावरण को संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण होता है।

## बस पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल हुए 5 लोग



**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना कोतवाली के अंतर्गत लक्ष्मीपुर गाँव के पास देवेन्द्र नगर रोड पर एक बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 05 लोग घायल हो गए थे। पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 09-07-2024 को रात्रि 02रू18 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि लक्ष्मीपुर गाँव के पास देवेन्द्र नगर रोड पर बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 05 घायलों को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ़. आर. व्ही वाहन एवं चिकित्सा वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय पन्ना मे भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## बिजली गिरने से घायल हुए दो लोग



**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना धरमपुरा के अंतर्गत आसमानी बिजली गिरने से दादा और पोता घायल हो गए थे। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए पुलिस सहायता हेतु इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 08-07-2024 को शाम 07:20 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के धरमपुरा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनोज एवं पायलट शीतल बाबू सेन ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि आसमानी बिजली गिरने की चपेट मे आने से घायल हुए दादा और पोते को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ़. आर. व्ही वाहन से ले जाकर अजयगढ़ अस्पताल मे भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डाइट में किया गया पौधारोपण



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत आज डाइट पन्ना में पौधारोपण किया गया जहां पर पीपल बड़ा सहित 15 पौधे लगाए गए जहां उसकी पालन पोषण की जिम्मेदारी डाइट पन्ना द्वारा ली गई ली गई जिसमे मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री पार्षद वार्ड नंबर 13 कविता चाणक्य रैकवार एवं जिला शिक्षा अधिकारी रवि खरे पार्षद प्रतिनिधि नीरज लोधी युवा मोर्चा जिला मंत्री अंकित रैकवार को गो संवर्धन बोर्ड की जिला उपाध्यक्ष संतोष चाणक्य रैकवार रोकी पांडे उमेश रेले प्रमोद कीर्ति खरे हरिराम माली भानु प्रताप खरे सुधा मिश्रा चौताली चक्रवर्ती लक्ष्मीकांत निगम संजीव श्रीवास्तव शिवांश यादव मनोज कुमार बाबू लाल रैकवार रामदास वर्मा राजेश श्रीवास्तव संतोष कुमार चाणक्य गोरेलाल अहिरवार सपना शर्मा पौधारोपण कार्यक्रम में समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा सामान्य सभा व सामान्य प्रशासन समिति की

# बैठक बुलाने के बाद बहिष्कार का मामला सुर्खियों में

**अपने सचिव को स्वयं ज्ञापन देकर मांगों को पूरा किये जाने को लेकर दिया ज्ञापन जो शासन स्तर तक भेजे जाने की चर्चा**

भाजपा सरकार के समर्पित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे सिंह वहीं उपाध्यक्ष तथा सदस्य सभी लगभग भाजपा से तालुकात रखते है जहां कांग्रेस सरकार में जिला सरकार जैसे पावर अब याद आ रहे है तभी तो शासन स्तर में भेजकर अपनी ही सरकार से करनी पड़ रही मांग अपनी ही बैठक का अहिष्कार करके चर्चा का विषय बनी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक व सामान्य सभा की बैठक बहिष्कार को लेकर






**पन्ना।**

जिले में विकास को लेकर जहां जिला पंचायत बोर्ड का अपने आप में महत्व कांग्रेस शासन काल में जाना जाता था जब जिला पंचायत को जब जिला सरकार के पावर थे वह शासनकाल बदल गया कांग्रेस सरकार बदल गई म.प्र. में लगभग 15 साल से अधिक भाजपा सरकार का शासन है जिला पंचायत पन्ना में सामान्य सभा व सामान्य प्रयशासन समिति की बैठक आज दिनांक 09 जुलाई 2024 को जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा ही बुलाई गई थी वहीं एजेण्डा भी नियमानुसार आपकी सहमति से तय हुआ होगा तो फिर 9 जुलाई को जब बैठक सामान्य प्रशासन समिति की जानी थी तब सदस्य व अध्यक्ष बैठक हाल में नहीं पहुंचे। सूत्रों की मानें तो सामान्य सभा में ही बैठक किये जाने के संकेत दिये गये बखूबी सभी सदस्यों सहित फोल्डर भी बैठक को लेकर ले लिये गये कुछ समय बाद 7 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वयं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा सदस्यों ने अपनी मांगें अपने ही सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को ज्ञापन देने की रणनीति को अंजाम दिया तथा अपनी ही बैठक का बहिष्कार का उल्लेख उसी ज्ञापन में कर दिया गया। और यह भी उल्लेख किया गया ज्ञापन में उल्लेखित अधिकार प्राप्त न होने के कारण यह बहिष्कार सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति का आज किया गया। वहीं जब तक सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक बैठक नहीं की जायेगी। गौरतलब बात यह है कि जो मांगें इस मांग पत्र में उल्लेखित की गई है वह अपने आप में सुर्खियों में है देखना यह है कि मांग पत्र जो ज्ञापन के रूप में दिया गया है इसको लेकर भाजपा सरकार जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों की मंशा के अनुसार इन मांगों को कब तक मानकर अधिकार प्रदान करेगी यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। वहीं लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता के बाद जहां यह पहली बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे सिंह ने जो बुलाई थी वहीं एजेण्डे भी तय किये गये इसके बाद यह बहिष्कार करके अधिकार मांगने की रणनीति चर्चा में। आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि अध्यक्ष व सदस्य अपनी ही बैठक में अपनी बात चर्चा न करके बहिष्कार को मजबूर हुये। क्या सरकार जिला पंचायत पन्ना के सदस्यों व अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की मांग पर नीति निर्धारण तय करेगी या कि समस्त म.प्र. के जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य इस तरह की रणनीति को अधिकार तय करने के लिये मांग रखेंगे देखना यह है कि पन्ना से जली आग क्या संपूर्ण म.प्र. में लपटों को लेकर जानी जायेगी। आखिर कई ऐसी मांगें जो ज्ञापन में उल्लेखित की गई है वह स्वयं बयां कर रही है जैसे शिक्षकों के निलंबन एवं बहाली के क्या नियम हे आखिर इसके पीछे अपने ही जिले में अपने ही जिला शिक्षा अधिकारी जो जिला पंचायत उपाध्यक्ष पदेन शिक्षा समिति अध्यक्ष के सचिव होते है क्या यह जानकारी इनसे जानी नहीं जा सकती थी बैठक के दौरान या जिला पंचायत सीईओ जो स्वयं आईएएस अधिकारी अपर कलेक्टर बनाये गये है जिनके अंतर्गत यह समस्त विभाग आते है क्या बैठक में यह जानकारी चाही जाती तो क्या यह परिणाम तत्काल संभव नहीं था क्या। वहीं कार्यों के मूल्यांकन के समय माप पुस्तिका में जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के हस्ताक्षर कराये जाने जैसी मांग आने आप में नई तरह की मांग जो कांग्रेस सरकार के समय जिला सरकार में भी नहीं जानी गई जो अब यह नई मांग सुर्खियों में है। जीआरएस सचिव एवं उपयंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की अनुसंशा के बगैर इनकी नियुक्ति एवं स्थानान्तरण न किये जायें यह अधिकार भी चाहा गया। वैसे तो भाजपा सरकार समर्पित जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा अधिकतर सदस्य जो भाजपा के बैनर व तले जाने जाते है अपनी ही सरकार में अपनी ही बैठक को बुलाकर जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा बहिष्कार किया जाना अपने आप में स्वयं ही सवालों के घेरे में। क्या बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके शासन स्तर को भेजे जाने की कार्यवाही को लेकर दिशा क्यों नहीं तय की गई आखिरकार जो अपनी सरकार में अपनी मांग बिना बहिष्कार के जानी जाती है पर यह आक्रोश अपनी ही सरकार के खिलाफ माना जाये तो अतिसंयुक्ति नहीं।

# पन्ना पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से नाबालिग बालिकाओं को सकुशल किया गया दस्तयाब

**अमानगंज थाना क्षेत्र की 3 अलग-अलग अपहताओ को दिल्ली, टीकमगढ़ एवं मोहन्द्रा से दस्तयाब कर किया गया परिजनो के सुपुर्द**

**अमानगंज।**



थाना अमानगंज क्षेत्रान्तर्गत्त अलग-अलग दिनांक को अलग-अलग स्थानो से गायब हुई 03 नाबालिग लड़कियों को पुलिस द्वारा दस्तयाब किया गया है। अलग-अलग फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अपहरण संबंधी अपराध क्रमांक 58/24, 285/24, 343/24 कायम किये जाकर विवेचना में लिये गये थे। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशानुसार थाना अमानगंज पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से जानकारी प्राप्त करते हुये मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की तीनो अपहताओं को अलग अलग स्थानो दिल्ली, टीकमगढ़ एवं मोहन्द्रा से सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। अपनी - अपनी नाबालिग बेटियों के घर वापस लौटने पर फरियादियो द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुये पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गई है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि सुशील तिर्की, पवन प्रजापति, बुद्धिलाल, प्र.आर. राजीव मिश्रा, राजीव बेड़यिा आर. हेमंत, विश्वास, गौरव, महिला प्र.आर. दुर्गा, महिला आर. हेमा, अंजली, रागिनी एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# ग्राम कचनारा गांव रोड बिना बने पड़ा बरसों से, शासन प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान




**गुनौर पन्ना।**

विकासखंड गुनौर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सूरदहा पडेरी के पास कचनारागांव कई वर्षों से रोड नहीं बनी जिससे वहां के लोग बरसात में कीचड़ से लथपथ होकर गांव जाना पड़ता है बताया गया कि उसे गांव की आस्था वर्तमान में चल रही सरकार उससे जुड़ी है जिसमें शासन प्रशासन से आग्रह है कि जहां पर दो पहिया वहां नहीं जा पा रहे थे वहां पर आज की हिसाब से चार पहिया वाहन आराम से दौड़ते चले जा रहे हैं और जनपद पंचायत गुनौर है वह भी अपना आराम की नींद फरमा रहे हैं वह गांव की के लोगों द्वारा बताया गया कि कई बार शासन प्रशासन से सुना दिया इसके बावजूद भी गांव के लिए रोड नहीं बन पा रही है जिससे समाचार के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया कि ग्राम पंचायत सुरदहा पडेरी के पास कचनार गांव की रोड नहीं बनी है उसे शीघ्र बनवाया जाए जिससे जन- प्रतिनिधियों से भी गुजारिश है कि इस रोड को विशेष रूप से ध्यान देकर बनवाया जाए ताकि कचनार गांव के लोगों को जो बरसात के समय पर दलदल में आना जाना पड़ता है उसे परेशानी का सामना करना ना पड सके।




## ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई में ग्रामीणजनों में दिखा उत्साह बड़ी संख्या में आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं के तत्काल समाधान के उद्देश्य से जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर भी जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन की पहल पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणजनों से आवेदन प्राप्त करने के उपरांत तत्काल सुनवाई कर शिकायतों का मौके पर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इस क्रम में आज सुबह 11 से 1 बजे तक सभी पांच जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में ग्रामवासियों के आवेदनों का बड़ी संख्या में मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। किन्हीं कारणोंवश तत्काल समस्या का समाधान संभव नहीं होने पर कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी को न्यूनतम समय-सीमा में निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। गुनौर जनपद पंचायत की समस्त 80 ग्राम पंचायतों में प्राप्त 258 आवेदनों में से 215 का निराकरण आवेदक की उपस्थिति में करने की कार्यवाही की गई। शाहनगर जनपद पंचायत की 84 ग्राम पंचायत में आज की जनसुनवाई में 133 आवेदन प्राप्त हुए। अजयगढ़, पन्ना एवं पवई जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में भी अधिक संख्या में आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा जिले के दूर दराज क्षेत्रों के आवेदकों के जनसुनवाई में जिला मुख्यालय तक आवागमन तथा स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई व्यवस्था की शुरूआत कर सुव्यवस्थित तरीके से कार्यवाही के लिए संबंधित लोक सेवकों को निर्देशित किया गया है। जिला अधिकारियों को सभी अधीनस्थ लोकसेवकों को जनसुनवाई के लिए पाबंद करने के निर्देश भी दिए गए थे। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई की मॉनिटरिंग के लिए पर्यवेक्षण अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। जनसुनवाई में लापरवाही बरतने वाले लोकसेवकों के विरूद्ध कार्यवाही के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में मंगलवार को पहुंचे आवेदकों में उत्साह देखा गया। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में तत्परतापूर्वक समस्या का निराकरण होने से ग्रामीणजनों ने जिला प्रशासन की सराहनीय व अभिनव पहल की प्रशंसा भी की गई। स्थानीय ग्रामीणजनों ने कहा कि ग्राम पंचायत व विकासखण्ड स्तर पर जनसुनवाई की शुरूआत होने से अब जिला मुख्यालय तक अनावश्यक आवागमन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि इस शुरूआत से समय की बचत होने के साथ कई प्रकार की समस्याओं से छुटकारा भी मिला है।

# कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार की पहल रंग लाई, पंचायतों में होने लगी जन सुनवाई

## समस्याओं का निदान पंचायत स्तर पर ही होने से समय व परेशानी की बचत

**प्रशासन की पहल से स्थानीय स्वाशासन को मिलेगी मजबूती**

**पन्ना।**



जिले में आज दूसरे मंगलवार को भी जनसुनवाई का आयेजन किया गया एवं जिला कलेक्टर के मागदर्शन में जनसुवाई की गई। अजयगढ में मुख्यकार्यपालन अधिकारी के मागदर्शन में सभी अधिकारी फील्ड में पंचायतो को सहयोग करते हुए आवेदनो का निराकरण कराया गया। स्वयंसेवी संस्था समर्थन जिले में स्थानीय स्वाशासन को मजबूत करने के लिये लगातार काम कर रही है। जिले के पन्ना एवं अजयगढ़ की 70 ग्राम पंचायत में पंचायत मित्रो के सहयोग से सामाजिक सुरक्षा एवं जनता की आवश्यकता वाले आवेदन पंचायत में लिये जायेगे एवं उनका निराकरण समय सीमा में होगे। आम जनता जो जनपद एवं जिले में नही जाना पडेगा जिससे उनका पैसा एवं समय की बचत होगी। अजयगढ़ की 65 ग्राम पंचायत में जनसुवाई होने से दूर दराज के हितग्राहियो को समय पर सुनवाई होने से समय एवं पैसे की बचत होने लगी है। ग्राम पंचायत मोहाना ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की गई जिसमें सचिव जयकरण लोध,सहायक सचिव रामकुमार अहिरवार एवं युवा साथी देवेन्द्र यादव ने सभी आने वाले आवेदको का आवेदन लिया एवं बैठने ,पीने का पानी ,हवा का अच्छा इंतजाम किया। पंचायत में आने वाले सभी पंचायत के लोगो की वात सुनी गई। 8 आवेदन पंलीकृत किये गये जिसमें 3 पेशन, 5 केवायसी के थे। पंचायत में ही एएनएम ने टीकाकरण कार्य भी किया। ग्राम पंचायत शहपुरा में चार आवेदन आये उनका निराकरण तुरंत किया गया। सरपंच महेन्द्र दीक्षित ने कहा की जनसुवाई से हम सभी को जिम्मेदारी से काम करने एवं लोगो के प्रति जबाबदेही का ऐहसास भी होने लगा है। हमारी ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा मजबूत होगी तो ज्यादा लोगो का काम होगा जनपद के अधिकारियो का सहयोग भी मिल रहा उससे प्रकरण निपट रहे है। जिगनी एवं चन्दौरा में जनसुनवाई में शमिल हुए एपीओ अमित यादव - जिगनी एवं चन्दोरा में मनरेगा एपीओ अमित यादव जनसुनवाई में पहुच कर पंचायत को पूरा सहयोग करने की वात कही एवं जनसुनवाई सरकार की मंशनुरूप करने एवं जनता को लाभ देने की वात सचिव एवं सरपंच से कही गई। संस्था के पंचायत मित्र एवं टीम समर्थन ने जनसुवाई में सहयोग किया एवं 30 ग्राम पंचायत में टीम की उपस्थिति रही एवं आवेदन लगाने में सहयोग किया है।

## बैंकिंग व्यवस्था में चहुंमुखी परिवर्तन के साथ सुधार के लिए कटिबद्ध है बैंक प्रबंधनः दिग्विजय सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक सतना

**देवेन्द्रनगर।** बीते कई वर्षों से भारतीय स्टेट बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय दमोह से संचालित होने की वजह से दूरस्थ अंचल में संचालित बैंकों के सतत निगरानी एक चुनौती भरा कार्य था और जिसका दुष्प्रभाव भी जिले के कई बैंक की बैंकिंग कार्यप्रणाली में देखने मिलता था। जिसको मद्देनजर रखते हुए बैंक प्रबंधन ने क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय दमोह से सतना स्थानानंतरित किया है। नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक दिग्विजय सिंह द्वारा पत्रकारों से चर्चा के दौरान कई बिंदुओं पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए अपनी दूरदर्शिता का परिचय कराया।क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया की ग्राहक और बैंक कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल, कम से कम औपचारिकताओं और समय में ऋण स्वीकृति,बेहतर बैंकिंग परिषर,पर्याप्त कर्मचारियों की उपलब्धता और प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक निराकरण निर्धारित समयावधि में कराना उनकी प्राथमिकता है।देवेंद्र नगर बैंकिंग परिषर सहित एक दो अन्य बैंकों को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए उसे अन्यत्र निर्माणाधीन भवन में शीघ्र स्थानांतरित करने की बात भी कही। फिलहाल क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के सतना शिफ्ट होने से निगरानी और दौरों में तेजी की उम्मीद है वही नवागत प्रबंधक के आगमन के साथ ही कुछ बैंकों के मैनेजर सहित कर्मचारियों को व्यवस्था सुधार दृष्टिगत स्थानात्रण कर अपने तीखे तेवर दिखा दिए हैं। बहरहाल नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक की बातों से सुधार की उम्मीद तो बंधी है लेकिन ये उम्मीद महज एक छलावा साबित होगी या अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में बने रहने वाले भारतीय स्टेट बैंक में क्रांतिकारी बदलाव होगा ये तो आने वाले कुछ महीनो में साफ हो जाएगा।

## श्रीनगर के समीप बड़ा हादसा, सड़क पर बिखरे शव

# बाइक की भिड़ंत में चार लोग जिंदा जले, दो झुलसे

छतरपुर। छतरपुर से लगभग 24 किमी दूर महोबा जिले के श्रीनगर के समीप मंगलवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में चार लोग जिंदा जल गए। ये हादसा दो मोटर साईकिलों की भिड़ंत के कारण हुआ जिसमें 6 लोग सवार थे।

बाईकों की भिड़ंत के बाद दोनों गाडिय़ों में भीषण आग लग गई जिसमें तीन युवकों सहित एक बच्चे की जान चली गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें महोबा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर जिले के लवकुशनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुड़ारी और पीरा गांव के रहने वाले 22 वर्षीय ललितेश पुत्र दीपचन्द्र अहिरवार, 8 वर्षीय राज पुत्र अरविंद अहिरवार, 7 साल देवेन्द्र पुत्र प्रेमनारायण अहिरवार एवं 24 वर्षीय नेहा पुत्री दीपचन्द्र अहिरवार एक ही बाईक पर सवार होकर ग्राम मुड़ारी से गढ़ीमलहरा



की ओर एक शादी समारोह में जा रहे थे। जब वे श्रीनगर से ग्राम चितईयां की ओर बढ़े तो सामने से आ रही एक बाईक से उनकी भिड़ंत हो गई। इस बाईक में भी चन्द्रभान पुत्र शक्तिदीन पासी ग्राम बरा श्रीनगर एवं उनके मौसेरे भाई सुनील पासी ग्राम भंडरा मौजूद थे। दोनों बाईक जब आमने-सामने टकरायीं तो इनमें भीषण आग लग गई। आग की लपटों के साथ धमका भी हुआ। कुछ ही क्षणों में इस आग ने एक बाईक पर बैठे दोनों मौसेरे भाई चन्द्रभान और सुनील को अपनी चपेट में ले लिया तो दूसरी बाईक पर बैठे ललितेश और 8 साल का बच्चा राज भी उसकी चपेट में आ गया। इन चारों लोगों ने जिंदा जलने के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दो लोग देवेन्द्र और नेहा बाईक से दूर गिरने के कारण झुलस कर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद और तत्काल पहुंची पुलिस की टीम के कारण घायलों को महोबा अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। हादसे के काफी देर बाद तक बाईकें जलती रहीं। हादसे के बाद महोबा एसपी अर्पणा गुप्ता, एएसपी सत्यम, सीओ रविकांत गौण, कोतवाली थाना प्रभारी शिवपाल सिंह, महोबा एडीएम रामप्रकाश व एसडीएम जीतेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। ये हादसा आखिर कैसे हुआ अब इसकी जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आज

**छतरपुर**। म.प्र. विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में 10 जुलाई दिन बुधवार को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जहां विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### गोमाखुर्द उचित मूल्य दुकान के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित

**छतरपुर**। अनुविभाग राजनगर अंतर्गत नवीन गठित ग्राम पंचायत गोमाखुर्द में नवीन उचित मूल्य दुकान स्थापित किए जाने के लिये एम-राशन मित्र पोर्टल पर ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों में से अमित तेजस्वनी स्वसहायता समूह गोमाखुर्द द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र नवीन उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए पात्र पात्र पाए गए है। अमित तेजरवनी स्वसहायता समूह गोमाखुर्द को उचित मूल्य दुकान आवंटन आदेश जारी किए जाने के साथ-साथ प्राधिकार पत्र जारी किया जाना है। यदि किसी संस्था,समूह, व्यक्ति को उक्त के संबंध में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो वे 15 जून 2024 तक अपना दावा आपत्ति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय राजनगर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### एमसीबीयू में सुबह आयोजित हुई परीक्षा, शाम को परिणाम जारी

**छतरपुर**। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्विद्यालय,छतरपुर द्वारा परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज एम. एस-सी.चतुर्थ सेमेस्टर कंप्यूटर साइंस तथा भूगर्भशास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न आयोजित हुई। दोनों परीक्षाओं के परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा उसी दिन जारी कर दिए गए हैं। दोनो कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

परीक्षा परिणाम जारी करते हुए कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने मूल्यांकन समिति एवं परीक्षा शाखा को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की है। साथ ही उत्तीर्ण छात्रों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में लगातार नवाचार किया जा रहा है। व्यवस्थाओं को विद्यार्थी केंद्रित करने की प्रक्रिया जारी है। परीक्षा के दिन ही परिणाम घोषित किया जाना इसी दिशा में सार्थक कदम है।

### केन्द्रीय मंत्री ने निकाली आभार यात्रा, समर्थकों ने किया स्वागत

**हरपालपुर**। टीकमगढ़ लोकसभा के सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार का मंगलवार को नगर आगमन हुआ जहां उनके समर्थकों और विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उनका जगह-जगह आतिशबाजी तथा पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। हरपालपुर पहुंचने के बाद डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने नगर के अटल सभागर में पौधरोपण किया और इसके बाद खुली जीप में सवार होकर जनता का आभार जताने निकले। अंत में गैस एजेंसी के समीप उन्होंने जनसभा को संबोधित कर लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम, पूर्व विधायक पुष्पेन्द्रनाथ पाठक, नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस ने अवैध कट्टा कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में सोमवार को देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुकवां में पुराने प्राईमरी स्कूल के पीछे एक व्यक्ति गंभीर वारदात करने की नियत से कट्टा कारतूस लिये घूम रहा है। थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा ग्राम सुकवा के पुराने प्राईमरी स्कूल के पीछे पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया।

# दुर्घटना में मृत बच्ची के परिवार को नहीं मिली सहायता राशि

### प्रशासन ने घटना के बाद किया था 4 लाख देने का ऐलान



**छतरपुर**। बक्स्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा निवासी लक्ष्मन सिंह लोधी ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देते हुए सड़क दुर्घटना के मृतकों के लिए शासन द्वारा उद्घोषित की गई आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई है। लक्ष्मन सिंह ने बताया कि उसकी पुत्री दिव्यांशी 29 जनवरी 2024 को ट्रैक्टर पर सवार होकर जुझारपुरा से जटाशंकर जा रही थी। इसी दौरान बाजना घाटी के पास ट्रैक्टर पलट गया और दिव्यांशी घायल हो गई। लंबे समय तक इलाज के बाद आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। लक्ष्मन सिंह ने बताया कि घटना को संज्ञान में लेकर प्रशासन द्वारा मृतकों को 4-4 लाख रुपए देने की घोषणा की गई थी लेकिन उसे आज तक उक्त राशि प्राप्त नहीं हुई है। लक्ष्मन सिंह के मुताबिक उसने कई बार बक्स्वाहा तहसीलदार और एसडीएम को आवेदन दिए लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## एमसीबीयू में नैनो टेक्नोलॉजी थ्रू टाइमः ब्रिजिंग एनसिएंट इंडिया टू मॉडर्न इनोवेशन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 15 एवं 16 जुलाई को

**छतरपुर**। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, छतरपुर में कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार- प्रसार हेतु रसायनशास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 15 एवं 16 जुलाई 2024 को जेसी बोस हॉल में आयोजित होगा।

रसायनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डा अर्चना जैन एवं मीडिया सेल की सदस्य श्रीमती पूजा तिवारी ने बताया कि नैनो टेक्नोलॉजी थ्रू टाइमः ब्रिजिंग एनसिएंट इंडिया टू मॉडर्न इनोवेशन विषय पर आयोजित इस सेमिनार में देश एवं विदेश के विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान परंपरा और नैनो प्रौद्योगिकी के गहरे संबंधों पर अपने विचार प्रकट करेंगे। पहले दिन उद्घाटन सत्र 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा।इस सत्र के मुख्य अतिथि प्रो.एम.एस.गौर, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर,राजस्थान होंगे तथा बीज वक्तव्य

### रसायनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में देश विदेश के रसायनशास्त्री देंगे व्याख्यान

प्रो.अर्चना पांडे, लोकपाल डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर का होगा । प्रथम तकनीकी सत्र सुबह साढ़े 11बजे से प्रो.रत्नेशदास डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। इस सत्र में डॉ. रामपाल पांडे मैनिट,भोपाल तथा डॉ. मौली थॉमस, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर अपना व्याख्यान देंगे। द्वितीय तकनीकी सत्र दोपहर 2 बजे डॉ. राहुल कुमार शर्मा श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा (जबलपुर) की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। इस सत्र में डा. गौहर अहमद नायकू,विश्वविद्यालय ओमान तथा डॉ.शिल्पा शर्मा नेताजी सुभाष तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारका, नई दिल्ली अपना व्याख्यान देंगे।

सेमिनार के दूसरे दिन 16 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से डॉ. रामपाल पांडे की अध्यक्षता में सत्र प्रारंभ होगा। इस सत्र में प्रो.रत्नेशदास तथा डॉ.थिल्लई सिवकुमार नटराजन, सीएसआईआर केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान,चेन्नई के व्याख्यान होंगे। द्वितीय तकनीकी सत्र सुबह 11 डॉ. थिल्लई सिवकुमार नटराजन की अध्यक्षता में होगा। इस सत्र में डॉ. नटराजन सुब्रमनियन, बसेडा विश्वविद्यालय जापान तथा डॉ.राहुल कुमार शर्मा अपने व्याख्यान देंगे।

इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन सत्र 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। सेमिनार की समन्वयक डॉ. मौली थॉमस ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य दुनिया भर के विशेषज्ञों द्वारा प्राचीन भारत में नैनो प्रोद्योगिकी के अस्तित्व तथा आधुनिक दुनिया में इसके अनुप्रयोगों पर विचार विमर्श करने के लिए साथ लाना है।

# पटवारी के पद पर नियुक्ति पत्र पाकर सुरक्षा और अरुण के परिवार में लौटी खुशियां



### 38 आवेदकों को मिल चुकी है अनुकम्पा नियुक्ति

## कलेक्टर ने आवेदक को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर दिवंगत शासकीय सेवकों को दी सच्ची श्रद्धांजलि

**छतरपुर**। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में श्रद्धांजलि अभियान चलाया जा रहा है। जिसके सार्थक परिणाम आ रहे है। इस अभियान अंतर्गत जिले के दिवंगत आमजनों के भूमि आदि के फौती नामांतरण किये जाते हैं। इसी अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशन में दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजन को अनुकंपा नियुक्ति देने की तत्काल प्रक्रिया की जाती है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में छतरपुर जिला प्रशासन अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने में उदाहरण बनकर उभरा है। जहाँ नई ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों की राह से अनुकंपा नियुक्ति की उम्मीद लगाए चेहरों पर खुशियां बिखर रहीं हैं। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से नियुक्तियां मिल रहीं है। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया को बहुत ही आसान किया गया है, जिससे आवेदकों को बहुत ही कम समय में अनुकंपा नियुक्ति मिल रही है। मंगलवार को श्रद्धांजलि अभियान में कलेक्टर श्री जी.आर. ने आवेदक श्रीमती सुरक्षा त्रिवेदी निवासी लवकुशनगर को पटवारी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर दिवंगत शासकीय सेवक अमित कुमार त्रिवेदी को सच्ची श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा अनुकंपा नियुक्ति के आवेदक अरुण कुमार अहिरवार निवासी चंदला को पटवारी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर दिवंगत शासकीय सेवक विंद्रावन अहिरवार को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। कलेक्टर श्री जी.आर. ने नियुक्ति पत्र सौंपकर अच्छा काम करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे एवं एएलआर आदित्य सौनकिया उपस्थित रहे। प्रशासन की संवेदनशीलता के चलते 38 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति मिल चुकी है।




## ग्रामीणों ने उठाई आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की मांग

**छतरपुर**। जनपद अंतर्गत ग्राम रिक्शापुरवा के पहाड़ी मोहल्ला के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर गांव के आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने और गांव में बिजली, पानी तथा सड़क की सुविधा मुहैया कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि रिक्शा पुरवा के पहाड़ी मोहल्ले तक जाने के लिए हमा से सरकारी रास्ता है, जिस पर गांव के कुछ दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे आवागमन बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय उन्हें खेतों से होकर निकलना पड़ रहा है और बारिश में समस्या और अधिक बढ़ गई है। स्कूली बच्चों को निकलने में खासी परेशानी हो रही है। इसके अलावा आबादी की जलापूर्ति के लिए कोई जलस्त्रोत नहीं है, वर्षों पुरानी सड़क खस्ताहाल है और विद्युत आपूर्ति भी नहीं हो रही है। कलेक्टर को आवेदन देकर ग्रामीणों ने उक्त समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

# यातायात पुलिस के साथ ड्यूटी कर रहे प्रशिक्षित ट्रैफिक वार्डन



### दुर्घटना से बचाव और यातायात नियमों के प्रति किया जा रहा जागरूक

**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान ट्रैफिक वार्डन चलाया जा रहा है, जिसमें शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं सड़क दुर्घटना से बचाव, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के साथ-साथ शहर के चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस के साथ ड्यूटी भी कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक वार्डन के रूप में कार्य करने के लिए गत 7 जुलाई को इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया था। यातायात व्यवस्था में कार्य करने हेतु सम्मिलित प्रतिभागियों को 8 जुलाई को प्रशिक्षित किया गया और इसके बाद मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत के नेतृत्व में यातायात पुलिस के साथ शहर के मुख्य चौराहे, बस स्टैंड और बाजार परिसर सहित अन्य मार्गों पर ड्यूटी कर यातायात व्यवस्था बनाने में भागीदारी की। इसके साथ ही विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में जाकर यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## करारागंज के किसानों ने कलेक्टर को सुनाई पीड़ा

# शासन ने दी थी जमीन, वन विभाग नहीं करने दे रहा खेती

**छतरपुर**। नौगांव जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम करारागंज के किसानों ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि जिस भूमि के पट्टे उन्हें शासन द्वारा दिए गए थे, उस जमीन को अपना बताकर वन विभाग द्वारा उन्हें खेती नहीं करने दी जा रही है। किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर पट्टे की जमीन को बहाल करने की मांग की है। आवेदन देने पहुंचे किसानों ने बताया कि वर्ष 1998 में गांव के भूमि खसरा नंबर 1157/1 में सरकार द्वारा उन्हें खेती के लिए पट्टा प्रदान किया गया था, और तभी से वे यहां खेती करते आ रहे हैं। कुछ किसानों के पट्टे कम्प्यूटरीकृत भू-अभिलेख में भी दर्ज हैं, बावजूद



इसके वन विभाग द्वारा इस वर्ष किसानों को खेती करने से रोक दिया गया है और जबरन भूमि से बेदखल किया जा रहा है। चूंकि किसानों के पास आय का अन्य कोई स्रोत नहीं है इसलिए उन्हें परिवार के भरण-पोषण की चिंता हो रही है। कलेक्टर को आवेदन देकर किसानों ने मांग की है कि जिन किसानों के पट्टे ऑनलाइन दर्ज नहीं हैं, उनके नाम ऑनलाइन दर्ज कराए जाएं और खेती पर लगी रोक को हटवाकर पट्टे की जमीन को बहाल कराया जाए।

## खजुराहो में हो सकता है जैनाचार्य समय सागर महाराज का प्रथम चातुर्मास

**खजुराहो**। आचार्य विद्यासागर के समाधिस्थ होने के बाद उन्हीं की पीठ के प्रथम पट्टाचार्य आचार्य समयसागर महामुनिराज का प्रथम वर्षायोग (चातुर्मास) श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो में होने की संभावना है। क्षेत्र के मंत्री राकेश जैन ने बताया कि वैसे तो संतों के चातुर्मास कहाँ होगा इस बारे में अंतिम समय तक कुछ कहा नहीं जा सकता, किंतु फिर भी जिस मार्ग पर महाराजश्री का विहार चल रहा है, उससे यह अनुमान है कि आचार्य का प्रथम चातुर्मास खजुराहो में होगा। गौरतलब है कि आचार्यश्री के संघ में 1 आचार्य, 14 मुनि, 9 क्षुल्लक सहित कुल 24 संत हैं जो दो दिन पूर्व सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर से विहार करते हुए हटा-मडियादो मार्ग पर गतिमान हैं। अनुमान है कि आचार्य संघ किशनगढ़, देवरा, अमरोनियां, झमटुली बमीठा होते हुए खजुराहो पहुंचेंगे। अगर आचार्यश्री का चातुर्मास खजुराहो में होता है तो इससे खजुराहो के पर्यटन व्यवसाय में भी इजाफा होगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में आचार्य विद्यासागर का चातुर्मास खजुराहो में हुआ था, तब देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग खजुराहो पहुंचे थे।



# ग्रामीण इलाकों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

### जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण



छतरपुर। बड़ामलहरा जनपद अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों में इन दिनों खुलेआम अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिस कारण से ग्रामीण परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले से अवगत कराया और शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग के साथ ही ग्रामीण एसपी ऑफिस में ही धरने पर बैठ गए। ग्राम पंचायत सूरजपुरा खुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में शराब की अवैध दुकानें शराब ठेकेदारों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हैं, जिस कारण से युवा पीढ़ी को शराब की लत लग रही है। साथ ही आए दिन लड़ाई-झगड़े, चोरियां, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। माहौल खराब होने के कारण बच्चों की शिक्षा और क्षेत्र के विकास पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि क्षेत्र में संचालित सभी अवैध शराब दुकानों को बंद कराया जाए और दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए।

## खबर संक्षेप

### बहू ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ करने व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप



**रीवा।** समाज में जिस तरह से बाप और बेटी का एक पाक रिश्ता होता है कुछ ऐसा ही रिश्ता बहू और ससुर का भी होता है, लेकिन जिले सेमरिया थाना क्षेत्र मे एक ससुर ने अपनी हरकतों से बहू और ससुर के रिश्ते को तार तार कर दिया है।बहू अपने ही ससुर के खिलाफ शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची जहा उसने ससुर को ठरकी बताते हुए गंभीर आरोप लगाए है। बहू का आरोप है की ससुर उसपर गलत नजर रखते है और उसकी अस्मत को लूटना चाहते है। महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने ससुर के ऊपर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। महिला का कहना है की ससुर द्वारा कई बार उसकी अस्मत लूटने का भी प्रयास कर चुके है। वही उसके साथ ससुर ने कई बार मारपीट भी की है उसके पहले भी सेमरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज करने गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि मामले की जांच करा उचित कार्यवाही कराई जाएगी।

### बिजली की चपेट में आने से 25 बकरियों की मौत



**रीवा ।** मऊगंज जिले के शाहपुर थाना के भैसहाई जंगल में बारिस के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से करीब दो दर्जन बकरियों की मौत हो गई। वहीं तेज गर्जना की वजह से 23 बकरियां घने जंगल में गायब हो गई जिनका पता नहीं चला है। घटना में पशु मालिक बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 25 नग बकरियों की मौत हो गई है। पशुपालक जयनाथ कोल पिता परानू कोल निवासी ग्राम भैसहाई प्रतिदिन की भांति सोमवार को अपनी 48 बकरियों को चराने समीपी के जंगल गया था। जहां दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और बारिश होने लगी। जिससे बचने के लिए बकरियां एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। इसी दौरान अचानक उस पेड़ में आकाशीय बिजली गिरी जिससे 25 बकरियों की मौत हो गई। वहीं तेज गर्जना की वजह से 23 बकरियां घने जंगल में गायब हो गई जिनका पता नहीं चला है। गनीमत रही कि पशुमालिक कुछ दूरी पर बैठा था जिससे उसकी जान बच गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई वही घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके का मुआयना किया है वही पशु मालिक ने शासन सहायता की मांग की है।

### एसडीएम मऊगंज ने किया औचक निरीक्षण

**मऊगंज।** एसडीएम बीपी पांडेय द्वारा मंगलवार की सुबह जिले के नईगढ़ी जनपद स्तरीय कई कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। एसडीएम पांडेय द्वारा 9 जुलाई को सुबह 10 से 11 के दरमियान किए गए निरीक्षण दौरान जनपद पंचायत,महिला बाल विकास विभाग, नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, उत्कृष्ट विद्यालय जैसे विभागों के न केवल कर्मचारी ड्यूटी से गायब रहे बल्कि अधिकारी भी अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम पांडेय द्वारा किए गए निरीक्षण दौरान उनके साथ तहसीलदार नईगढ़ी दीपक तिवारी मौजूद रहे।

### भटक रही लाडली बहना

**रीवा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा शुरू की गई लाडली बहन योजना से बहने वंचित हो रही है, दो किस्त मिलने के बाद एक महिला को योजना का लाभ मिलना बंद हो गया। महिला के द्वारा इस बात की शिकायत सरपंच सचिव से की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई पांच बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद भी कोई निराकरण नहीं हुआ। महिला के द्वारा मगलवार को जनसुनवाई के दौरान शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की गई जिले के ग्राम अतरैला निवासी कामता देवी ने बताया कि उसे योजना की दो किस्त मिलने के बाद उसे लाभ मिलना बंद हो गया ।

## नगर निगम द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत किया गया

# प्लॉग रन जीरो वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रीवा द्वारा दिनांक 09/07/24 को शहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय सफाई अभियान के अंतर्गत प्लाग रन जीरो वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






**रीवा।** जिसका शुभारंभ नगर निगम परिसर से स्वच्छता के नोडल अधिकारी श्री एचके त्रिपाठी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. मुकेश येंगल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविंद चतुर्वेदी एवं सहायक स्वच्छता नोडल श्री राजेश मिश्रा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्लॉग रन के आयोजन के दौरान उत्तम स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्लॉग रन का मुख्य उद्देश्य शहर में स्वच्छता के प्रति जागरुकता एव जन भागीदारी को बढ़ाना है एवं हम सभी को मिलकर अपने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना है प्लॉग रन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में शहर के स्कूली छात्र/छात्राऐं, एनजीओ आरडब्ल्यूए, एमडब्ल्यूए, रहवासी कल्याण समिति, एनसीसी, एसएसएस एवं सामाजिक संगठनो ने जन जागरुकता द्वारा कचरे को बिनते हुए एक सांकेतिक प्रयास किया कि हम सबको मिलकर अपने शहर को स्वच्छ सुंदर बनाना है। प्लाग रन रैली नगर निगम प्रांगण से प्रस्थान कर हॉस्पिटल चौराहा, अमहिया मार्ग से होते हुए कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में स्वच्छता क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमे सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया साथ ही सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को कैफे ठिकाना, कामधेनु, स्वीट्स, हल्दीराम, लैपिनोश पीज़ा, कान्हा डेरी, महाकाल डेरी, डीनेक्स एंड डाइन होटल, पेट पूजा, चाय सुट्टा बार आदि की तरफ से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपयंत्री श्री शुभम तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार, स्वच्छता चौंपियन, सभी जोन के एसआई, बहादुर फिजिकल एकादमी के कोच एवं छात्र, सेंटर एकादमी, बीएनपी, त्रिपुरा शंकर, फोमेंस स्कूल, शशांक आईटीआई के सभी छात्र/छात्राऐं, आईईसी टीम, एमआईएस टीम के साथ नागरिकगण उपस्थित रहे।

## नशीली कफ सिरप के आरोपी को न्यायालय ने सुनाया सश्रम कारावास एवं एक लाख का जुर्माना

**रीवा**



न्यायालय विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस.एक्ट रीवा समक्ष केशव सिंह के न्यायालय में विचाराधीन एनडीपीएस सत्र प्रकरण क्र.70/2021 म.प्र.राज्य आरक्षी केन्द्र सिविल लाइन विरुद्ध शुभम मिश्रा पिता प्रभाशंकर मिश्रा उम्र 22 वर्ष निवासी नई बस्ती दुआरी थाना चोरहटा जिला रीवा व अमितेश पाण्डेय पिता मोहनलाल पाण्डेय उम्र 21 वर्ष निवासी शाहपुर थाना सिरमौर जिला रीवा, भोलू मिश्रा पिता वसंतलाल मिश्रा उम्र 21 वर्ष निवासी मटीमा चौकी चचाई सेमरिया जिला रीवा के विरुद्ध थाना सिविल लाइन के अपराध क्र.125/21 धारा 8 (सी) 21 (सी) 29 स्वापक औषधि मनह प्रभावी पदार्थ अधि.के अन्तर्गत अपराध प्रमाणित पाते हुए आरोपी शुभम मिश्रा पिता प्रभाशंकर मिश्रा को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड के व्यतिक्रम पर एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने का दण्डादेश पारित किया है तथा आरोपी अमितेष पाण्डेय पिता मोहनलाल पाण्डेय व भोलू मिश्रा पिता वसंतलाल मिश्रा अभी प्रकरण में फरार हैं जिन्हे फरार घोषित कर विचारण किया गया है। अभियोजन ओर की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय द्वारा की गई ने अभियोजन मामला संक्षेप में बताया कि दिनांक 28.3.21 को उपनिरीक्षक सुक्कूलाल उइके को मुखविर सूचना प्राप्त होने पर चाणक्यपुरी कालोनी पड़रा रीवा में भास्कर त्रिपाठी के घर के पास से तीन व्यक्ति एक सफेद बोरी में काफी मात्रा में अवैध नशीली कफ सिरप रखकर विक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे हैं पर वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने पश्चात पुलिस द्वारा रेड किया गया जिस पर मौके से पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपी अमितेश पाण्डेय व भोलू मिश्रा भाग गये मौके से पकड़ा गया आरोपी शुभम मिश्रा के कव्जे की बोरी की तलाशी लेने पर तीन कार्टून भरे मिले जिसको खोलकर देखने में 340 शीशी नशीली कफ सिरप होना पाया गया। मौके से जप्ती गिरफ्तारी मेमोरन्डम की कार्यवाही पश्चात जप्त माल मुलजिम थाना आकर तीनों आरोपियों के विरुद्ध एफ.आई.आर.लेखकर विवेचना उपरांत चलान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोक नीलग्रीव पाण्डेय 10 अभियोजन साक्षी न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराये गये। आरोपी की ओर से दो बचाव साक्षी प्रस्तुत किये गये। उभयपक्ष के तर्क श्रवण पश्चात आरोपी के विरुद्ध उपरोक्त धाराओं का अपराध प्रमाणित पाते हुए दण्ड के प्रश्न पर उभयपक्ष को सुना गया। आरोपी के आधिपत्य से वाणिज्यिक मात्रा में कोडीन फास्फेट युक्त अवैध मदक द्रव्य की 340 शीशी प्रत्सेक शीशी 100 एमएल जप्त हुई है उक्त मादक द्रव्य के सेवन से समाज के नवयुवकों के आदी होने से उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अपराध की गंभीर प्रकृति व दिनों दिन इस तरह के बढ़ते हुए अपराध व समाज व नवयुवकों के भविष्य पर पड़ने बाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी को दण्ड के प्रश्न पर नरमी वर्ती जाना उचित नहीं। ऐसी स्थिति में आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व एक लाख रुपये का अर्थदण्ड का दण्डादेश दिया गया।




## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया मैहर कलेक्टर का घेराव

**रीवा !** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी की अगुवाई में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका प्रकोष्ठ मैहर की जिला अध्यक्ष सरिता मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं लघु वेतन कर्मचारियों ने रैली निकालकर कलेक्टर मैहर को मांगों का ज्ञापन पत्र प्रस्तुत किया। आठ बिंदुओं का ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी गई की निराकरण नहीं होने पर प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा जी से मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जावेगी। मांगों में प्रमुख रूप से संपर्क एप, ऑनलाइन कार्य, वेतन कटौती बंद करने के साथ-साथ नियमितीकरण, उपादान, मोबाइल वाउचर की राशि बढ़ाना, नया मोबाइल देना, न्यूनतम वेतन लागू करना आदि मांगे शामिल हैं । हेमराज नागर को नवीन जिला मैहर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया। रैली में मुख्य रूप से उप प्रांताध्यक्ष के. सी. त्रिपाठी, प्रांतीय सदस्य नेपाल सिंह, संरक्षक शिवचरण कुशवाहा, जिला अध्यक्ष रामकृपाल को, सचिव अमित त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मनोरंजन यादव, विनोद सेन, हेमराज नागर, दीपक पनिका, रामदरस तिवारी, सरिता मिश्रा सहित भारी संख्या में कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल रहे।



## पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक

**रीवा ।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई. बैठक में पेंडिग 173(8) के अपराध एवं खात्मा खारजी, गम्भीर अपराध, सीएम हेल्प लाइन, के मामले में निराकरण एवं अपराध का समय सीमा के अन्दर निकाल किये जाये, साथ साथ समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना एंव कार्यालय में वृक्षा रोपण करें, एवं लोगो को वृक्षा रोपण के संबंध में जागरूक करे एवं व्ही.सी.एन.बी. का उचित संधारण, गुम इंसान एवं अपहत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी, मर्ग निकाल, चिन्हित अपराधों के निकाल, एवं जेल रिहाई, अवैध परिवहन रोकने व अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करनें के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों को बाउण्ड ओवर कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर सख्त प्रभावी कार्यवाही करने एवं एनसीआरसी पोर्टल का सुचारू रूप से थाना स्तर पर संचालन किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रितु उपाध्याय, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) श्रीमती हिमाली पाठक, व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रीवा के हीरक जयंती समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियां

**रीवा**



रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में हीरक जयंती समारोह भव्यता एवं उल्लासपूर्ण रूप से आयोजित करने हेतु एल्मुनी एसोसियेशन की कार्यकारिणी समिति एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर की संयुक्त बैठक एलमुनी एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री आर. एस. शर्मा (पूर्व सी.एम.डी.) एन.टी.पी.सी. की अध्यक्षता एवं डॉ. वी. के. अग्रवाल प्राचार्य के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुई जिसमें हीरक जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप किया गया एवं हीरक जयंती समारोह की आधिकारिक घोषणा पत्रकार वार्ता के माध्यम से की गई । हीरक जयंती समारोह के दौरान इंजीनियरिंग महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर हीरक जयंती के द्वार के निर्माण का निर्णय बैठक में लिया गया जिसका भूमि पूजन शीघ्र ही किया जायेगा एवं समारोह में विभिन्न तकनीकी खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। समारोह के दौरान छात्रों के स्किल डेवलपमेंट ( कौशल विकास ) हेतु रूपरेखा तैयार की गई जिसे टेकफेस्ट एवं तकनीकी संगोष्ठी, कार्यशाला के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। छात्रों के स्किल डेवलपमेन्ट हेतु विगत चार महीनों से पूर्व छात्रों एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है एवं इसी सन्दर्भ में दो दिवसीय ऑफलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एलमुनी एसोशियेसन एवं कॉलेज प्रबंधन द्वारा देश - विदेश में रह रहे पूर्व छात्रों को हीरक जयंती समारोह में सम्मिलित एवं भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आहवान किया गया।

## आंगनबाड़ी को समूहों का अधिकार न दिया जाए

### स्वसहयता समूह संघ ने दिया ज्ञापन

**मऊगंज।**



आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता महिला स्वा सहायता समूहों से छीन कर आंगनबाड़ी कर्ताओं को दिए जाने की योजना का विरोध करते हुए प्रांतीय महिला स्वा सहायता समूह महासंघ जिला अध्यक्ष मऊगंज राकेश त्रिपाठी द्वारा इसका विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है ज्ञापन में बताया गया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत सभी संभागों को एक-एक परियोजना की सभी आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता बनाने और खिलाने का काम वहां पूर्व से गठित महिला स्वास्थ्य समूह से छीन कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देने की योजना बनाई है। इस व्यवस्था पर पुनः विचार किया जाए क्योंकि 2007 से पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका तदर्थ समिति के माध्यम से भोजन बनाकर बच्चों को खिलाती थी तब कार्यकर्ताओं पर सेक्टर सुपरवाइजर तथा सीडीपीओ के माध्यम से इस योजना में फर्जी बड़ा करने के आरोप खूब लगते थे जिससे कुपोषण भी चरम पर पहुंच गया था 2007 के बाद महिला स्वा सहायता समूहों का जब से पोषण आहार की व्यवस्था सौपी है तब से मध्य प्रदेश में कुपोषण ग्राफ तेजी से गिरा है आंगनबाड़ियों पर कार्यकर्ता सहायिकाओं से भोजन नाश्ता बनाने खिलाने की जिम्मेदारी देने से आईसीडीएस की यह गतिविधियां प्रभावित होगी जिसकी उम्मीद सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लगाए हुए हैं अगर महिला स्वा सहायता समूहों से आंगनबाड़ी के पोषण आहार का काम छिन गया तो लाखों की संख्या में मध्य प्रदेश में महिला स्वा सहायता समूह से जुड़े परिवार बेरोजगार हो जाएंगे जिससे सरकार की इच्छा महिला विरोधी और प्रदेश की जनता को बेरोजगारी में धकेलने वाली बन जाएगी समूहों के सभी अधिकार व कर्तव्य यथा स्थित रहे और उन्हें यह कार्य करने का मौका दिया जाए जिसके संबंध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है।

## मऊगंज जनपद पंचायत की महिला अधिकारी से सरपंच ने की गाली-गलौज

### कार्यालय में घुसकर फाड़ी फाइलें और तोडे कंम्प्यूटर

**मऊगंज।**




जनपद पंचायत के मनरेगा शाखा मे महिला अधिकारी के कक्ष मे घुसकर एक सरपंच ने ऐसा तांडव मचाया कि देखने वालो की आँखे फटी रह गई,जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।सरपंच अचानक मनरेगा शाखा के कक्ष मे प्रवेश करते ही टेबिल मे रखी फाइले फाडने लगा।महिला अधिकारी द्वारा विरोध करने गाली-गलौज करने लगा।एवं कम्प्यूटर को पटक कर चकनाचूर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पंचायत डगडौआ क्रमांक 2 के सरपंच अमित कुमार पांडे द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय के मनरेगा शाखा में महिला अधिकारी नीतू सिंह से बहस करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई है। महिला अधिकारी ने जनपद सीईओ एवं जिले के उच्च अधिकारियों को घटना के बारे मे अवगत कराकर,मऊगंज थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।